प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

22 अगस्त 2025

## 91-दिवसीय, 182-दिवसीय और 364-दिवसीय खज़ाना बिलों की नीलामी

भारतीय रिज़र्व बैंक ने निम्नलिखित विवरणों के अनुसार भारत सरकार के खज़ाना बिलों की नीलामी की घोषणा की:

| **क्रम सं.** | **खज़ाना बिल** | **अधिसूचित राशि (₹ करोड़)** | **नीलामी की तारीख** | **निपटान की तारीख** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 91 दिवसीय | 10,000 | 28 अगस्त 2025 (गुरुवार) | 29 अगस्त 2025 (शुक्रवार) |
| 2 | 182 दिवसीय | 6,000 | | |
| 3 | 364 दिवसीय | 5,000 | | |
| | **कुल** | **21,000** | | |

यह बिक्री भारत सरकार द्वारा जारी और समय-समय पर यथासंशोधित दिनांक 26 मार्च 2025 की सामान्य अधिसूचना एफ सं. 4(2)-बी(डब्ल्यूएंडएम)/2018 में निर्दिष्ट नियमों और शर्तों के अधीन होगी। इसमें राज्य सरकार, विधानसभा वाले संघ शासित प्रदेश, भारत में पात्र भविष्य निधि, नामित विदेशी केंद्रीय बैंक और इस संबंध में बैंक द्वारा निर्दिष्ट कोई व्यक्ति या संस्था, गैर प्रतिस्पर्धी आधार पर भाग ले सकते हैं, जिनके लिए आबंटन, अधिसूचित राशि से इतर होगा। एकल व्यक्ति भी खुदरा निवेशकों के रूप में गैर-प्रतिस्पर्धी आधार पर भाग ले सकते हैं। खुदरा निवेशकों के लिए आबंटन अधिसूचित राशि के 5 प्रतिशत की अधिकतम सीमा तक सीमित होगा। व्यक्तिगत निवेशक भी रिटेल डायरेक्ट पोर्टल (https://rbiretaildirect.org.in) के माध्यम से गैर-प्रतिस्पर्धी योजना के अनुसार बोलियां लगा सकते हैं।

उक्त नीलामी **एकाधिक मूल्य पद्धति** का प्रयोग करते हुए **मूल्य आधारित** होगी। नीलामी के लिए बोलियां, भारतीय रिज़र्व बैंक कोर बैंकिंग समाधान (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक फार्मेट में **गुरुवार, 28 अगस्त 2025** को निम्नलिखित समयावधि में प्रस्तुत करनी होगी:

| **बोलियों की श्रेणी** | **समय** |
|---|---|
| प्रतिस्पर्धी | पूर्वाह्न 10:30 से पूर्वाह्न 11:30 |
| गैर-प्रतिस्पर्धी | पूर्वाह्न 10:30 से पूर्वाह्न 11:00 |

परिणामों की घोषणा नीलामी वाले दिन की जाएगी।

सफल बोली लगाने वालों को **शुक्रवार, 29 अगस्त 2025** को भुगतान करना होगा।

केवल प्रणाली की विफलता की स्थिति में ही भौतिक बोलियाँ स्वीकार की जाएँगी। ऐसी भौतिक बोलियाँ नीलामी समय समाप्त होने से पहले निर्धारित प्रपत्र में लोक ऋण कार्यालय (ईमेल; फ़ोन नंबर: 022-22603456, 022-22603457,022-22603190) को प्रस्तुत की जानी चाहिए। यह प्रपत्र रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (https://rbi.org.in/hi/web/rbi/forms) से डाउनलोड किया जा सकता है। तकनीकी कठिनाइयां होने पर, कोर बैंकिंग परिचालन टीम से संपर्क ईमेल; फोन नंबर: 022-69870466, 022-69870415 के माध्यम से करना होगा। नीलामी से संबंधित अन्य कठिनाइयों के लिए, आईडीएमडी नीलामी टीम से संपर्क (ईमेल; फोन नंबर: 022-22702431, 022-22705125) किया जा सकता है।

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/961**